# Sam Industries Limited

**CIN: L70102MP1994PLC041416**
**Registered Office: Village: Dakachiya, A. B. Road, Tehsil: Sanwer, District – Indore – 453771 - Madhya Pradesh, India**
**Phone: 0091-731- 4229717**
**Website: www.samindustriesltd.com, Email: secretarial@samindustriesltd.com**


**23/05/2026**

To,

The Secretary,
Department of Corporate Services
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai – 400001

**Sub. Submission of copy of Newspaper Clippings of Extract of Audited Financial Results for the quarter ended 31st March, 2026**

**BSE Scrip Code 532005**

**ISIN: INE653D01012**

Dear Sir/ Madam,

In terms of Regulation 47 to the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), please find enclosed herewith the copies of newspaper clippings containing the extract of the Audited Financial Results for the quarter ended 31st March, 2026 published on Saturday, 23rd May, 2026 in 'The Free Press Journal' (English edition) and 'Choutha Sansar' (Vernacular Language- Hindi edition).

This is for your information and records. Kindly take on record the same.

Thanking you

Yours faithfully,

**For Sam Industries Limited**

Navin Sunderlal Patwa
Digitally signed by Navin Sunderlal Patwa

**Navin S. Patwa**
**Company Secretary**

Encl: as above

## From front page

### HC allows 2nd...

While her in-laws alleged she suffered with drug addiction, her family maintains she was harassed for dowry, leading to her death.

### CBI to probe case, govt...

Acting swiftly on the Chief Minister's instructions, the Crime Investigation Department prepared the proposal. The Police Headquarters finalised the draft and secured the Director General of Police's approval before sending it to the Home Department on Thursday to facilitate the official notification. In the notification, the Home Department gave its formal consent for the central agency to take over the investigation. The CBI will act accordingly once it receives the final directive from the Union government.

### DGP orders staff...

The order also states that officers and employees completing their tenure should not be reappointed to the same post. Police personnel transferred from a station will not be eligible for reposting there for at least three years. The order further specifies that the total tenure of personnel serving on different posts within the same subdivision should not exceed 10 years.

All SPs have been instructed to implement the directions strictly and submit a compliance report to the Police Headquarters by June 5.

### UAPA bail conflict goes

The bench noted that in Gulfisha Fatima, bail was granted to five persons while being denied to Umar Khalid and Sharjeel Imam after an individual assessment of their roles. It further observed that Ahmed and Saifi themselves were relying on the Gulfisha Fatima ruling to seek bail, showing that the judgment had not diluted the principle laid down in KA Najeeb.

The Court said it was not proposing to decide the correctness of the observations made in Andrabi but added that doubts raised by a coordinate bench could not be answered through counter-observations by another bench of equal strength.

### Bhadoria, Sumer from...

The BJP may repeat Solanki, who is from a tribal community and associated with the RSS.

The party may give an RS seat to Kurian from some other state and send Arvind Bhadoria or Lal Singh Aarya to the RS in his place. Singh has already said to the Congress he will not go to the RS. The names of former chief minister Kamal Nath, former minister Kamleshwar Patel, and MPCC president Jitu Patwari are in discussion.

### SC lifts ban on 3 NCERT...

We leave it to Union/State/other authorities to take an independent decision without being influenced by the observations made in our above-stated order."

A bench comprising Chief Justice of India Surya Kant, Justice Joymalya Bagchi and Justice Vipul Pancholi passed the order after considering applications filed by Professor Michel Danino, Suparna Diwakar and Alok Prasanna Kumar seeking recall of the earlier order. The bench said it was satisfied with the explanation offered by the academics that there was no malice in preparing the chapter and that it was finalised through a collective decision.

Senior Advocate Shyam Divan, appearing for Danino, submitted that the March 11 order was passed without hearing the academics. He clarified that it was not a case of "individual authorship" and that the chapter was the result of a collective decision. Divan requested suspension of the Court's earlier order, saying it had "far-reaching consequences".

### Venezuelan oil, Quad..

They will exchange views on advancing Quad cooperation across priority areas, review progress on ongoing Quad initiatives, and reflect on recent developments in the Indo-Pacific region and other international issues of mutual concern."

### If parents are IAS officers...

"With educational and economic empowerment, there is social mobility.

"So then again, to seek reservation for the children, we will never get out of it," the bench observed while issuing notice in the matter.

The top court remarked that if the parents of students are in good jobs with handsome incomes, then the children should get out of reservation. The apex court said several orders passed by the government already provide for the exclusion of such affluent sections from reservation benefits, but they are being challenged now.

### 700-YO tradition...

Women devotees and members of the transgender community also visited Bhojshala in large numbers. Heavy crowding near barricades caused congestion and inconvenience for visitors during the day.

### India, Cyprus strategic ...

The talks between the two leaders primarily focused on boosting ties in trade and investment, critical technologies, education, and implementation of the ambitious India-Middle East-Europe Economic Corridor.

In his media statement, Modi highlighted that the strategic partnership will unlock commercial capital and open new avenues for Indian companies in Cyprus's infrastructure, energy, and agriculture sectors, while simultaneously boosting investment in India's booming shipping and maritime industries. "The relationship between India and Cyprus has stood the test of time time and again, with today's decision to upgrade the ties to strategic partnership, we are going to give new ambition and new momentum to our relationship," he said.

### 'Pushpa' style ganja...

The STF has made four arrest into the case till now, earlier the police have arrested Dhananjay Singh resident of Satna, Ankit Vishwakarma of Sidhi, Rajesh Lal resident of Gaya Bihar and the recent kingpin Dilip Kumar resident of Patna Bihar.

### TVK snips DMK ties...

The consequence has been stark: the DMK, once the architect of a broad anti-BJP alliance and a vocal backer of projecting Rahul Gandhi as Prime Ministerial material, now stands stripped of most of its political partners. The few allies still standing beside the DMK appear bound more by circumstance than strategy. The MDMK and Manithaneya Makkal Katchi (MMK) remain aligned largely because their candidates contested on the DMK's 'Rising Sun' symbol. The DMDK, meanwhile, has stayed put only because the TVK did not actively court it.

---

**INFERNO | A fierce heat wave has engulfed large parts of India, with temperatures breaking decade-long records**

# Punjab swelters under severe heat, reschedules office, school hours

**Agencies**
CHANDIGARH/JAIPUR/NEW DELHI



In a major decision aimed at providing relief to people amid the heatwave, Punjab Chief Minister Bhagwant Mann on Friday revised timings of all Punjab government offices, schools and colleges.

Under the new schedule, working hours will be changed from the existing 9 a.m. to 5 p.m. to 7:30 a.m. to 1:30 p.m. in larger public interest, an official statement said.

Chief Minister Mann said the revised timings would come into effect from May 25 and will remain implemented till further orders.

"The decision has been taken to facilitate the common people so they can conveniently get their work done in government offices during the scorching heat. The decision was taken after due consultation with all stakeholders to ensure the welfare of everyone," he added.

Chief Minister Mann also said the revised timings would enable people to complete their official work early in the morning without having to take a leave from their jobs.

"The move will also greatly benefit employees, as they will be able to finish their duties before temperatures rise sharply during the day," he added.

**Rajasthan braces for severe heatwave**

Weather remained largely dry across Rajasthan during the past 24 hours, with heatwave and warm night conditions recorded at isolated places, the Meteorological Department said on Friday.

Sri Ganganagar recorded the highest maximum temperature in the state at 45.1 degrees Celsius during 24 hour period ending Friday morning, while Sirohi registered the lowest minimum temperature at 20 degrees Celsius.

According to the Met office, most parts of the state are likely to witness mainly dry weather over the next week.

However, under the influence of a fresh western disturbance, northwestern and northern Rajasthan may witness thunderstorm activity, light rainfall, and gusty winds with speeds of 40-50 kmph during the afternoon hours of May 22 and 23.

**Scorching heat persists across Delhi-NCR**

Scorching heatwave conditions continued to trouble residents across Delhi-NCR on Friday, with the India Meteorological Department (IMD) issuing an orange alert for the national capital and adjoining regions.

The whole region has reported a sharp rise in temperatures over the past few days, making outdoor activities increasingly difficult for people.

The IMD has placed Delhi under an orange alert for the next five days, as temperatures are expected to remain exceptionally high across the city and the surrounding NCR.

---

# Sans NEET results, K'taka to start CET counselling

**Vinay Madhava Gowda**
BENGALURU

The Karnataka Government has resolved to initiate academic counselling for engineering and other higher education courses without waiting for the delayed NEET results.

This moves away from the traditional system where the state held concurrent seat allotments for medical and engineering streams to let students pick the best available options based on both Common Entrance Test (CET) and NEET performances. Karnataka Higher Education Minister Dr MC Sudhakar revealed that neighbouring states, including Tamil Nadu and Maharashtra, have taken identical actions to rescue their academic timelines.

"We have taken all measures to ensure that students do not face hardships," Sudhakar said, confirming that the government has negotiated with individual college managements to ensure full fee refunds if any student abandons an engineering seat for a medical position later. To address the premium seats left vacant by students migrating to medicine, the government will implement a reallocation protocol.

Preference will go to lower-ranked students who missed their choice colleges in the initial phase, allowing them to upgrade their streams during the second round of state counselling.

Sudhakar emphasized that waiting indefinitely for central exam outcomes would permanently alter the university calendar.

Reflecting on past admission policies, he noted that independent state entrance tests historically balanced student evaluations by offering 50% weightage to Class 12 scores.

He asserted that a decentralized model confines administrative errors to individual states rather than penalizing candidates across India. Furthermore, Sudhakar pointed out that the older, localized selection processes successfully curbed the commercial menace of competitive coaching syndicates while reducing systemic performance anxiety for young admission seekers.

---

# Heatwave and power cuts leave Lucknow on edge

**Biswajeet Banerjee**
LUCKNOW

Lucknow recorded its hottest day of the season with the maximum temperature touching 43.6 degrees Celsius, surpassing last year's May high of 42.4 degrees Celsius. The city woke up to intense heat on Friday morning with strong sunlight and hot winds sweeping across the region.

The India Meteorological Department has forecast that the maximum temperature in the state capital may touch 45 degrees Celsius on Friday, while the minimum temperature is likely to remain around 29 degrees Celsius.

Officials said there is a possibility that Lucknow could approach or even surpass its all-time May temperature record of 46.5 degrees Celsius recorded on May 31, 1995.

---

# HC ends French restaurateur's 15-year stay in India

**Vinay Madhava Gowda**
BENGALURU

A French national, who operated a restaurant in Gokarna, Karnataka, for the last 15 years while holding only a tourist visa, has given a formal undertaking to the Karnataka High Court that he will exit the country by May 28 after securing an exit permit.

Christophe Stephane Moxion approached the vacation division bench after failing to get relief from a single-judge bench. The earlier order directed him to leave India by April 27, upholding a 'Leave India' notice issued by the Foreigners Regional Registration Officer (FRRO) on March 16, 2026.

Moxion's counsel, Nitin AM, argued that eviction notice violated the legal rights of law-abiding foreign nationals. However, the high court rejected these assertions after reviewing documents presented by FRRO counsel H Shanti Bhushan. The court noted that running a commercial business on a tourist visa constitutes a direct violation of visa regulations. Also, reports of persistent disputes with his landlord and behavioural issues with local residents justified the intervention of the FRRO. Although Moxion possesses a tourist visa valid until November 2026, the court initially gave him just one week to exit the country.

During the division bench hearing on Thursday, Justices Suraj Govindaraj and Justice K Manmadha Rao strongly rebuked the petitioner when he tried to negotiate terms.

Moxion subsequently submitted his undertaking to leave by May 28. The bench directed the FRRO to file its objections to the writ appeal by June 17, and posted the matter for further hearing on June 24.

---

# Army accuses MPs of spreading 'fake, misleading' claims

**IANS**
NEW DELHI

The Indian Army on Friday disapproved of attempts by the Aam Aadmi Party MP Sanjay Singh and Rashtriya Janata Dal MP Manoj Kumar Jha to tarnish the image of defence forces, promote falsehoods about service conditions aimed to instigate divisions within the armed forces and manufacture an "Officer-Men divide".

Sounding a false and misleading information alert, the Additional Directorate General of Public Information under the Integrated Headquarters of Ministry of Defence (Army), repudiated the claims made by some "discharged", "dismissed" and "deserter" ex-servicemen to play the victim card at an event organised by the two MPs.

"With regard to the misleading joint press conference addressed by Sanjay Singh and Manoj Jha at the Press Club of India, where three ex-servicemen and one deserter were given a platform, the facts must be placed on record," the Additional Directorate General said.

"The truth about these four individuals is as follows: Chandu Chavan — discharged from the Army on July 25, 2024, after accumulating five red ink entries for indiscipline; Harendra Yadav â€" dismissed from service on January 27, 2024, on grounds of indiscipline; Shankar Singh Gujjar — deserter from the Army since November 2024 and P. Narender — dismissed from service due to indiscipline," the Army official added.

"These individuals are now spreading falsehoods about service conditions, attempting to instigate divisions within the Armed Forces and manufacture an Officer-Men divide," he said.

"This entire exercise appears aimed at diverting attention from their own unsoldierly conduct and the multiple proceedings against them, while falsely portraying their dismissals — arising from desertion, intoxication, insubordination and related misconduct — as victimisation," he added.

---

# SC told 49 Indians lost lives in Russia conflict

**PTI**
NEW DELHI

The Centre on Friday told the Supreme Court that 217 Indian nationals had reportedly joined the Russian armed forces amid the ongoing Russia-Ukraine war, and 49 have lost their lives in the conflict.

In a status report filed before the apex court, the Centre said pursuant to sustained diplomatic engagement undertaken by the government of India with the Russian Federation, 139 Indian nationals have already been released from the contracts they signed to join the Russian Army.

"Further, 49 Indian nationals are reported to have lost their lives in the conflict. Additionally, 6 Indian nationals have been confirmed missing by the Russian side, whereas the status of 23 individuals remains unknown and continues to be under active follow-up by the Embassy of India in Moscow with the Russian authorities," the report said.

---

**NAME CHANGE**

I ALI ASGAR have changed my name to **ALI ASGAR BAGLIWALA S/O SHABBIR HUSAIN BAGLIWALA** and now I would be known as **ALI ASGAR BAGLIWALA S/O SHABBIR HUSAIN BAGLIWALA**

**ADD:-** 139, ALI TOWNSHIP, MASAKIN-E-SAIFIYAH, BIJALPUR, INDORE MP

**NAME CHANGE**

I, **Sourabh Gour**, son of **Shri Harishankar Gour**, resident of 52 Bajrang Nagar, M.R.-9, Indore (M.P.), hereby declare that due to an inadvertent error, my name has been mentioned as **"Sorabh Gour"** in some documents/records. The correct spelling of my name is **"Sourabh Gour"**, as per my Aadhaar Card and other valid documents. Therefore, in future, my name may kindly be considered and treated as **"Sourabh Gour"** for all government and non-government purposes.

**Sourabh Gour**
Indore (M.P.)

**Change in Name**

I **SHASHI KALA BHARGAVA W/O NEEL KAMAL BHARGAVA** Here by Declare That I have Changed My name as, **SHASHI BHARGAVA W/O NEEL KAMAL BHARGAVA** so from now and In future I will be known by my new name. **SHASHI BHARGAVA W/O NEEL KAMAL BHARGAVA ADD: B-307, SHEKHAR PLANET, OPPOSITE BOMBAY HOSPITAL VIJAY NAGAR, INDORE(M.P.)452010**

---

# Police probe liquor bottles recovered near CM house

**Dheeraj Kumar**
PATNA

Police on Friday recovered a large number of empty liquor bottles near the chief minister's house, raising alarm over how these bottles entered a high-security zone. Total prohibition was imposed in Bihar on April 5, 2016, banning sale and consumption of alcohol. The empty liquor bottles were found, close to the chief minister's residence, 5, Deshratna Marg, and official residences of many ministers and top bureaucrats. Police said the CCTV footage installed in the vicinity was being examined to identify the accused.

**POSSESSION NOTICE**

Whereas, IIFL-HFL, under the provisions of the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 (54 of 2002) ("said Act") and in exercise of powers conferred under Section 13 (12) of the said Act read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 ("said Rules") issued a demand notice calling upon the borrower/co-borrower, guarantors, mortgagors to repay the amount, details of which are mentioned in the table below. And whereas subsequently, IIFL-HFL has vide Assignment Agreement dated 29-Dec-2025 assigned all its rights, title, interest and benefits in respect of the debts due and payable by the borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) arising out of the facilities advanced by IIFL-HFL, Bank to borrower/ guarantor(s) along with the underlying Immovable Property to Phoenix Arc Limited (Formerly known as "Phoenix ARC Private Limited") acting in its capacity as Trustee of Phoenix Trust – FY 26-14 ("Phoenix") for the benefit of the holders of Security Receipts. Therefore, in view of the said assignment, Phoenix now stands substituted in the place of IIFL-HFL and Phoenix shall be entitled to institute/continue all and any proceedings against the borrower/ guarantor(s)/mortgagor(s) and to enforce the rights and benefits under the financial documents including the enforcement of guarantee and security interest executed and created by the borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) for the financial facilities availed by them., The borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) having failed to repay the said amounts, notice is hereby given to the borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) in particular and the public in general that the undersigned being the Authorized Officer of Phoenix has taken possession of the underlying Immovable Property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under Sub-Section (4) of Section 13 of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on "AS IS WHERE IS & WHATEVER THERE IS BASIS" on the date mentioned below.

| Name of Borrower's / Co-Borrower Name's/ Guarantor's/ LAN No.'s | Description of Secured Asset (Immovable Property) | Total Outstanding Dues (IN Rupees) | Date of Demand Notice | Date of Possession |
|---|---|---|---|---|
| Mr. Santosh Mrs. Madhu Raikwal (Prospect No IL10146267) | All that piece and parcel of Middle part of Plot no. 37-B, Badridham Nagar Colony, Sanwer, Sonkach, Dewas, M.P 455001 Area Admeasuring (IN SQ. FT.): Property Type: Area_Admeasuring Property Area: 484 Bounded By: North: Colony Road South: Plot No. 34 East: Plot No. 37-C West: Plot No 37-A, | Rs.608899/- Rupees Six Lakh Eight Thousand Eight Hundred Ninety Nine Only | 04-12-2025 | 20-05-2026 |

The borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) in particular and the public in general are hereby cautioned that Phoenix is in the lawful possession of the Immovable Property mentioned above and under Section 13(13) of the SARFAESI Act, 2002, the borrower/guarantor(s)/mortgagor(s) or any person whatsoever, shall after receipt of this notice not transfer by way of sale, lease or otherwise deal with/ alienate the Immovable Property, without prior written consent of Phoenix and any dealings with the Immovable Property will be subject to the charge of Phoenix for the amount as mentioned above along with future interest at the contractual rate on the aforesaid amount together with incidental expenses, cost, charges etc.
The borrowers'/guarantors'/mortgagors' attention is invited to the provisions of the Sub-Section (8) of Section 13 of the said Act, in respect of time available to redeem the above-mentioned Immovable Property

Place: Indore, Date: 23-05-2026 — Sd/- Authorised Officer, Phoenix ARC Limited (In capacity as Trustee)

**Phoenix ARC Limited (Formerly known as 'Phoenix ARC Private Limited')**
CIN No.-U67190MH2007PLC168303 Website: www.phoenixarc.co.in Registered Office: 3rd Floor, Wallace Towers, 139/140/B/1, Crossing of Sahar Road and Western Express Highway, Vile Parle East, Mumbai, Maharashtra, 400057. Tel: +91 02268492450.

**NAME CHANGE**

This Is Inform The General Public That My Former Name Was **Mahesh Kumar Punjabi**, Which I Have Changed To **Mahesh Panjabi**, Therefore In The Future, I Should Be Known And Recognized By My New Name

**Mahesh Panjabi S/o Late Shri Lalchandji Punjabi**
**Address:** 69, TREASURE TOWN PLOT AREA BIJALPUR INDORE 452012

**Name Change Notice**

This is to inform to the general public that previously on passport my name was **Seema Sudhir Ghodgaonkar** which is now changed to **Seema Ghodgaonkar** From now onwards I shall be known by this name only.

**Seema Ghodgaonkar**
A3/716-7, Milan Heights, Bhicholi Mardana, Indore-452016 (M.P.)

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that our client **Shivalik Small Finance Bank Limited** proposes to provide a home loan on the property described as **Plot No. 08-B, Dewas Junior, Nazul Sanction No. 221, Ward No. 09, Bajrang Nagar Colony, Tehsil & District Dewas (M.P.)**. Area **484.20 sq. ft.** The chain documents for the said property Plot No. 08-B include Sale Deed No. MP108942016A1431551 dated 19/07/2016, purchased by buyer Shashi Gupta w/o Navneet Gupta from seller Lekhraj S/o Nanakaram Ramchandani. The original document has been lost somewhere on the way and despite extensive searching, it could not be found. All concerned are hereby informed that if any person, bank, financial institution, government, semi-government institution, etc. has any claim, charge, mortgage, interest, right, decree, attachment, or objection on the said property, they should submit their written objection with supporting documents within **7 days** from the date of publication of this notice. After the expiry of the said period, our client will provide the home loan facility to the borrower by keeping the property as equitable mortgage, and no objection or claim will be binding on our client's interests.

**SHAILESH KUMAR NAGAR, Advocate**
154-A, Kalani Bag, Ramnagar Sq., Dewas Mob. 94066 61926

**INDORE SMART CITY DEVELOPMENT LIMITED, INDORE**
Smart City Office, Nehru Park Campus, INDORE-452003, Ph. No.: 0731-2535572
E-mail: smartcityindore16@gmail.com, Website: www.smartcityindore.org

NIT No. 13/ ISCDL/26-27 — **NOTICE INVITING TENDER** — Date : 20.05.2026

Online bids are invited from eligible firms for following work Tender forms may be purchased by the eligible firms having relevant experience from public procurement portal: www.mptenders.gov.in

| S. No. | Online Tender Id | Description of Work | Duration of Work | Cost of Tender Form (1) and EMD (2) (Rs.) | Last Date and Time for Bid Submission (Online) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_509266_1 | Request for Proposal for Selection of Agency for Providing Housekeeping, Security, Up-Keeping, Facility Management, Comprehensive Maintenance Services, Technical Resource Deployment at ISCDL Office, ICCC, Project Sites, Event Sites, or any other places as per the Operational Requirements. | Three (03) Years | 1) ₹ 20,000 (Twenty Thousand Only) 2) ₹ 6,00,000 (Six Lakhs Only) | 20.06.2026 Till 17:30 Hrs. |

**Note:** Any amendment to the tender would be published only on the e-procurement website: www.mptenders.gov.in It will not be published separately in the newspaper.

-Sd/-
Chief Executive Officer
Indore Smart City Development Limited, Indore

**Sam Industries Limited**
CIN: L70102MP1994PLC041416
Regd Off.- Village Dakachiya, A.B. Road, Tehsil: Sanwer,District- Indore- 453771 (M.P.), India
Phone: 0091- 731- 4229717,
Website : www.samindustriesltd.com, Email : secretarial@samindustriesltd.com

Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2026

(Rs. In Lakh except per share data)

| Sl. no. | Particulars | For the Quarter Ended On 31.03.2026 Audited | For the Quarter Ended On 31.03.2025 Audited | Fin. Year Ended 31.03.2026 Audited | Fin. Year Ended 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from Operations | 295.93 | 548.38 | 1299.89 | 1365.36 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period before tax, Exceptional and or Extraordinary Items | 17.00 | 78.40 | 567.34 | 310.40 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items | 17.00 | 78.40 | 567.34 | 310.40 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional & Extraordinary Items | 63.91 | 22.40 | 487.61 | 313.65 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period | 67.70 | 22.82 | 492.18 | 314.07 |
| 6. | Equity Share Capital | 1108.85 | 1108.85 | 1108.85 | 1108.85 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Balance Sheet) | | - | 6466.59 | 5974.42 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing operations) | | | | |
| | Basic: | 0.58 | 0.20 | 4.40 | 2.83 |
| | Diluted | 0.58 | 0.20 | 4.40 | 2.83 |

Notes:-
1. The above financial results for the quarter & year ended 31st March, 2026 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 22nd May, 2026 in terms of regulation 33 of SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The auditors have issued unmodified opinion on the standalone financial statements for the financial year 2025-26.
2. In the Statement of Standalone Audited Financial Results for the Year Ended 31st March 2026, the "Other Expenses" includes the amount of Rs. 128.47 Lakhs on account of loss on remeasurement of investments due to Fair Value Through Profit & Loss (FVTPL) and "Other Income" includes Rs. 516.22 Lakhs net income on account of sale of long term investments.
3. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the website of BSE Limited at www.bseindia.com and on the Company's website at www.samindustriesltd.com and can also be accessed by scanning the QR Code provided below.

Place : Indore
Date: 22.05.2026

For Sam Industries Limited
Rajendra Kumar Pasari
Whole Time Director
DIN: 01508154

Printed and Published by PRAVIN NAGAR, for the Proprietors, Compac Printers Pvt. Ltd. at Free Press House, 3/54, Press Complex, A.B. Road, Indore-452 008. | Editor : Arshit Gautam Phones:- 2555111-2, FAX: 2558555. Email: editor.indore@fpj.co.in, Offices: Bhopal Bureau: F-134/2 Professor's Colony, Opp. Ravindra Bhawan, Bhopal, Phone : 0755-2660570/71/ 79 Fax: 0755-4271345 E-Mail news.freepress@gmail.com Mumbai, Ph:- 69028000. Advt Dept.: 69028026. New Delhi, Ph:- 23718853. Calcutta Ph:- 22875645. Chennai - Ph:- 28217766. **RNI No. 38281/83**

## एक नजर

### सड़क हादसे में मृत डॉक्टर के परिजनों को 62.90 लाख मुआवजा, दावा अधिकरण का आदेश

**महू।** डॉ.अम्बेडकर नगर महू स्थित प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले डॉक्टर के परिजनों को बड़ी राहत दी है। पीठासीन अधिकारी डॉ प्रीति श्रीवास्तव ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ट्राला और कंटेनर की बीमा कंपनियों को 62 लाख 90 हजार रुपए मुआवजा ब्याज सहित अदा करने का आदेश दिया है।

**यह है मामला-** परिवादी के अधिवक्ता कुलदीप श्रीवास्तव के अनुसार घटना 10 जनवरी 2024 की सुबह करीब साढ़े 8 बजे की है। डॉ. गौरव सोनी निवासी महू अपनी एक्टिवा स्कूटर क्रमांक टढ-09-ल्ट/7635 से इंडेक्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस, इंदौर जा रहे थे। त्रिलोक पेट्रोल पंप, ग्राम सातमिल के सामने कंटेनर क्रमांक टल्ल-40-उऊ/7025 के चालक ने वाहन तेजगति व लापरवाही से चलाकर उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से डॉ. सोनी उछलकर पास से गुजर रहे ट्राला क्रमांक टढ-09-ल्टञ/8864 से जा टकराए। सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

**अधिकरण पहुंचा परिवार -** दुर्घटना के बाद मृतक डॉ. गौरव सोनी के परिजनों ने अधिवक्ता कुलदीप श्रीवास्तव के माध्यम से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,महू के समक्ष क्षतिपूर्ति परिवाद दायर किया। प्रकरण में दोनों वाहनों के चालक,मालिक व बीमा कंपनियों को पक्षकार बनाया गया। अधिवक्ता कुलदीप श्रीवास्तव के तर्कों व प्रस्तुत साक्ष्यों से सहमत होते हुए अधिकरण ने 15 मई को फैसला सुनाया। पीठासीन अधिकारी डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने माना कि दुर्घटना कंटेनर चालक की लापरवाही से हुई। आदेश में ट्राला क्रमांक टढ-09-ल्टञ/8864 व कंटेनर क्रमांक टल्ल-40-उऊ/7025 की बीमा कंपनियों को संयुक्त रूप से व पृथक-पृथक 62 लाख 90 हजार रुपए मुआवजा राशि मय ब्याज अदा करने को कहा गया है।

### जिला प्रशासन का नशा मुक्ति अभियान

**इंदौर (नप्र)।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार जिले में ह्लनशे से दूरी है जरूरीह्व अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करना है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिलेभर में लगातार जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संस्थाओं एवं समूहों में ह्लनशा मुक्ति हेतु मास्टर ट्रेनर / कोर कमिटीह्व के गठन की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है, जिससे अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाया जा सके। इसी क्रम में महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट एवं सत्य मेव जयते इंस्टीट्यूट में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में आबकारी उप निरीक्षक श्री आशीष जैन एवं सुश्री त्रियंबिका शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया।



# हॉकी की नगरी महू, स्वर्णिम अतीत से संघर्ष तक, फिर उम्मीद की नई पुश

## पद्मश्री दादा शंकर लक्ष्मण से पवन शर्मा तक - क्या लौटेगा महू हॉकी का गौरव?

**महू।** एक दौर था जब हॉकी और महू एक-दूसरे के पर्याय थे। राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय हॉकी जब ओलंपिक में स्वर्ण पर स्वर्ण जड़ रही थी, तब महू के लाल भी तिरंगे की शान बढ़ा रहे थे। दादा किशनलाल की ड्रिबलिंग, कप्तान गोलकीपर पद्मश्री शंकर लक्ष्मण की दीवार जैसी मुस्तैदी, प्रभुदयाल सोलंकी का जादू - ये नाम सिर्फ महू नहीं, पूरे देश की हॉकी की पहचान थे। अंतर्राष्ट्रीय मैदानों पर महू के खिलाड़ियों की हॉकी स्टिक जब चलती थी तो विरोधी कांपते थे।

**वो दौर भी क्या दौर था-** दो दशक पहले तक महू में हॉकी सांसों में बसती थी। यहां आधा दर्जन मैदान गुलजार रहते थे। दोपहर चार बजते ही गैरीसन ग्राउंड, आज का दादा शंकर लक्ष्मण स्टेडियम, सीनियर-जूनियर खिलाड़ियों से पट जाता था। मैदान के बाहर खेल प्रेमियों की भीड़ हौसला बढ़ाती थी। 2000 के दशक में तत्कालीन कोतवाली प्रभारी और खुद हॉकी खिलाड़ी रहे डीके तिवारी ने इसी गैरीसन ग्राउंड पर राष्ट्रीय स्तर की हॉकी स्पर्धा कराकर महू का मान बढ़ाया था। तब हर गली से एक हॉकी खिलाड़ी निकलता था।

**कैसे बुझी मशाल-** पर आज वही महू हॉकी के मैदान सूने हैं, ही नहीं मैदानों पर सीमेंट कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय फलक पर चमकने वाली महू हॉकी आखिर लुप्त कैसे हो गई? यह सवाल हर खेल प्रेमी के जेहन में है। इसके लिए सिर्फ शासन-प्रशासन को दोष देना आसान है, पर सच्चाई यह भी है कि खेल और खिलाड़ी दोनों की जिम्मेदारी तय होनी बाकी है। संसाधनों की कमी, कोचिंग का अभाव, युवाओं का क्रिकेट-फुटबॉल की ओर झुकाव, और हॉकी को लेकर घटती सामाजिक सरपरस्ती - कारण कई हैं। बहस लंबी है, पर दर्द साझा है।

**उम्मीद की नई किरण-** लेकिन अंधेरे में भी रोशनी बाकी है। देवी अहिल्या बाई खेल संकुल, रोडवेज मैदान पर इन दिनों सुबह एक सुखद नजारा दिखता है। हॉकी खिलाड़ी और वरिष्ठ स्पोर्ट्स शिक्षक पवन शर्मा नव-युवाओं को हॉकी की बारीकियां सिखा रहे हैं। स्टिक पकड़ने से लेकर ड्रैग-फ्लिक तक, पवन शर्मा मिशन मोड में जुटे हैं। मैदान पर पसीना बहाते ये बच्चे वही सपना बुन रहे हैं जो कभी शंकर लक्ष्मण ने देखा था।

**राष्ट्रीय परिदृश्य और महू का संघर्ष-** आज जब भारतीय हॉकी टीम फिर ओलंपिक और एशियन गेम्स में पदक के लिए जूझ रही है, जब हॉकी इंडिया लीग जैसे मंच नई प्रतिभाओं को तलाश रहे हैं, तब महू का पिछड़ना अखरता है। मध्यप्रदेश में भोपाल, ग्वालियर, इटारसी हॉकी नर्सरी बनकर उभरे हैं। पर महू, जो कभी राष्ट्रीय टीम को कप्तान देता था, आज अपनी पहचान को तरस रहा है। वरिष्ठ खेल संगठक व समीक्षक सर ओम प्रकाश ढोली ने अपनी कलम के माध्यम से सतत खत्म होती हांकी और कारण पर विभिन्न स्तर पर जिमेदारों का ध्यान आकर्षित किया लेकिन लालफीताशाही?

**सवाल जो जवाब मांगते हैं-** शासन स्तर दादा शंकर लक्ष्मण स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ कब बिछेगा? राष्ट्रीय अकादमी की शाखा महू में क्यों नहीं?

स्थानीय स्तर पर ,स्कूल-कॉलेजों में हॉकी अनिवार्य क्यों नहीं? कॉरपोरेट स्पॉन्सरशिप कहां है?

सामाजिक स्तर पर ,कभी मैदान के बाहर खड़े होकर तालियां बजाने वाली जनता आज कहां है?

**आगे की राह -** बात सिर्फ अतीत के गौरव गान की नहीं है। बात भविष्य के निर्माण की है। पवन शर्मा जैसे कोच और मैदान पर जुटे नौनिहाल बता रहे हैं कि महू हॉकी मरी नहीं, बस सोई है। जरूरत है एक बड़े झकझोर की - शासन की इच्छाशक्ति, समाज की भागीदारी और खिलाड़ियों के जुनून की। क्योंकि महू सिर्फ छावनी नहीं, हॉकी की नगरी भी है। और नगरियां अपना गौरव यूं ही नहीं खोतीं।

## तिरछी नजर

### गायकवाड़, बुलडोजर का एकतरफा वार: नक्शा आधा याद आया, सवाल पूरे खड़े

#### नगर परिषद बोली- हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई, प्रभावित पूछ रहे- 104 फीट का फीता सिर्फ एक तरफ क्यों?

**महू।** महूगांव नगर परिषद गायकवाड़ में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर चले बुलडोजर की गूंज अब सिर्फ मलबे में नहीं, जनसुनवाई की फाइलों में भी सुनाई दे रही है। डायमंड कॉलोनी के प्लाट धारक और प्रभावितों का सीधा सवाल है- कार्रवाई का निशाना सिर्फ एक पट्टी ही क्यों बनी?

**30 साल से भूला नक्शा बुलडोजर पर एकदम याद**

पिछले ढाई-तीन दशक से डायमंड कॉलोनी बुनियादी सुविधाओं को तरस रही है। स्वीकृत नक्शे में सर्विस रोड दर्ज है, तीन-चार बगीचे हैं, कुएं हैं, फलदार पेड़ों का जिक्र है। पर मौके पर न सड़क मिली, न बगीचा, न हरियाली। रहवासी पूछ रहे हैं कि विकास के वक्त 30 साल तक जो नक्शा ठंडे बस्ते में पड़ा रहा, बुलडोजर चलाने के वक्त वही नक्शा एकदम कैसे याद आ गया? और याद भी आया तो आधा-अधूरा क्यों?

**104 फीट का पैमाना कार्रवाई एकतरफा**

सबसे बड़ा सवाल 104 फीट चौड़ीकरण के पैमाने पर है। यदि सड़क चौड़ीकरण का सिद्धांत सबके लिए बराबर है तो बुलडोजर रोड की एक ही पट्टी क्यों नापता रह गया? सामने वाली पट्टी पर कार्रवाई का पहिया कब पहुंचेगा, इसका जवाब न नगर परिषद के पास है, न प्रशासन के पास। चर्चा बाजार में यह भी है कि कार्रवाई के पीछे किसी का दबाव काम कर गया। कॉलोनाइजर का नाम भी उछल रहा है, पर फिलहाल यह जांच का विषय है।

**नगर परिषद का पक्ष: हाईकोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई**

नगर परिषद महूगांव का कहना है कि सब कुछ विधि सम्मत है। कोई भेदभाव नहीं हुआ। प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में नियमानुसार अतिक्रमण हटाया गया है।

पर सवाल वहीं के वहीं

भारी लवाजमे के साथ हुई इस कार्रवाई ने खुद अपने ऊपर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रभावित अब जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि राष्ट्रीय, प्रादेशिक और जिला स्तर पर विभिन्न माननीय न्यायालयों ने समय-समय पर जनहित में आदेश पारित किए हैं। पर आम आदमी आदेश की प्रति लेकर दफ्तर-दफ्तर भटकता है और विभिन्न महकमे-अफसर टालमटोल करते हैं।

**न्यायपालिका का सम्मान सर्वोपरि**

यह ध्यान रखना जरूरी है कि माननीय न्यायालयों के आदेशों का अक्षरशः पालन प्रशासनिक तंत्र का कर्तव्य है। न्यायालय की मंशा जनहित और विधि का शासन है। इसलिए आवश्यक है कि किसी भी कार्रवाई में पारदर्शिता हो, भेदभाव न हो और आदेश की भावना का पूरी तरह पालन हो, ताकि न्यायपालिका की गरिमा अक्षुण्ण रहे।

**तिरछी नजर के दो सवाल**

नक्शा जब याद आता है तो पूरा क्यों नहीं आता? 30 साल से बगीचे-सर्विस रोड भूले, बुलडोजर के वक्त अतिक्रमण याद।

बुलडोजर की दिशा तय कौन कर रहा है?104 फीट का फीता यदि निष्पक्ष है तो दोनों तरफ बराबर क्यों नहीं नपा?

अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में है। प्रभावित जवाब मांग रहे हैं। जिम्मेदारों से जवाब तो बनता है।

# महू–किशनगंज में बिजली संकट

## -जर्जर तारों से कराहती कॉलोनियां, हेल्पलाइन भी बेजुबान
## - विक्रम नगर से साईं धाम तक अंधेरा, 274419 पर घंटी बजती है पर उठती नहीं

**महू।** मध्यप्रदेश में जहां सरकार 24७7 बिजली आपूर्ति का दावा करती है, वहीं महू के किशनगंज क्षेत्र की दर्जनों कॉलोनियां अंधेरे और लो वोल्टेज से जूझ रही हैं। विक्रम नगर, इंद्रपुरी कॉलोनी, साईं धाम सहित पूरे इलाके में दिन-रात बिजली का आना-जाना और वोल्टेज का झूलना अब आम बात हो गई है। गर्मी में पंखे-कूलर थमे हैं, सर्दी की आहट में हीटर की उम्मीद टूट रही है।

**जर्जर तार, बेजुबान हेल्पलाइन**

स्थानीय रहवासियों का दर्द यह है कि समस्या नई नहीं, जड़ें पुरानी हैं। सूत्रों के मुताबिक क्षेत्र में बिछे बिजली के तार अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं। जर्जर तार बार-बार फॉल्ट का कारण बन रहे हैं। वोल्टेज कम-ज्यादा होने से फ्रिज, टीवी, मोटर फुंकने की घटनाएं बढ़ी हैं। उपभोक्ताओं की दूसरी नाराजगी बिजली विभाग के रवैये से है। शिकायत के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर 274419 पर फोन लगाओ तो घंटी बजती रहती है, उठता कोई नहीं। रहवासी पूछ रहे हैं - जब सुनवाई ही नहीं तो हेल्पलाइन किस काम की?

**राष्ट्रीय दावा बनाम जमीनी हकीकत**

केंद्र सरकार की सौभाग्य योजना और प्रदेश की अटल गृह ज्योति योजना 24 घंटे बिजली का वादा करती हैं। मुख्यमंत्री खुद हर मंच से निर्बाध आपूर्ति की बात दोहराते हैं। पर महू विकासखंड का किशनगंज इलाका इन दावों को मुंह चिढ़ा रहा है। जब इंदौर जैसे स्मार्ट सिटी के पास का कस्बा अंधेरे से जूझ रहा है, तो दूरदराज के गांवों का हाल क्या होगा?



**विभाग का भरोसा: जल्द होगा सुधार**

इस संबंध में क्षेत्र के सहायक यंत्री नितेश कोहली का कहना है कि पुराने तारों की जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आवश्यक सुधार कार्य कराया जाएगा ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिले और बिजली व्यवस्था सुचारु हो सके।

**सवाल जो चुभते हैं**

मेंटेनेंस:,जब हर महीने बिल वसूला जाता है तो जर्जर तार बदलने के लिए बजट क्यों नहीं?

जवाबदेही, हेल्पलाइन 274419 पर कॉल रिसीव न होना लापरवाही नहीं तो क्या है?

प्राथमिकता, स्मार्ट मीटर लगाने की जल्दी है, पर स्मार्ट सप्लाई कब आएगी?

**असर किस पर**

बिजली कटौती से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं छात्र, बुजुर्ग और छोटे व्यापारी। ऑनलाइन क्लास बीच में छूट रही है। बुजुर्गों की दवाएं फ्रिज में खराब हो रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि इनवर्टर का खर्च उठाते-उठाते कमर टूट गई।

**किशनगंज की कॉलोनियां पूछ रही हैं–**

विकास के दावों में रोशनी कब आएगी? फिलहाल तो यहां अंधेरा ही स्थायी पता बन गया है।

### युवती के साथ शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**उज्जैन, (निप्र)।** एक युवक ने इंस्टाग्राम में मुम्बई की युवती के साथ दोस्ती की। इसके बाद झांसी का देकर बड़नगर लेकर गया और दुष्कर्म किया। पीड़ित युवकी शिकायत पर बड़नगर थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया जहॉं से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में टीआई अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि पीड़ित युवती मुंबई में दादर के एक हॉस्टल में रहती है। उसने बताया कि करीब 2 सप्ताह पूर्व उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर विकास उर्फ अंकित शर्मा निवासी उज्जैन से हुई थी। इसके बाद दोनों एक-दूसरे से बात करने लगे। इस बीच विकास ने कहा कि वह मुझसे शादी करना चाहता हूं। इसके बाद युवती उससे मिलने के लिए मुंबई से इंदौर पहुंची जहां विकास उसने लेने आया। यहां से 19 मई की रात को बडनगर पहुंचे। जहां शादी का झांसा देकर उसने मेरा साथ दुष्कर्म किया। 19-20 मई की दरमियानी रात करीब 2 बजे पीड़िता थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी विकास पिता जगदीश शर्मा निवासी ग्यास का बाड़ा, काजीपुरा उज्जैन हालमुकाम बडनगर को गिरफ्तार कर लिया।

# आत्मा का परमात्मा में एकाकार होना ही रास लीला- विपुल महाराज

## पुरुषोत्तम मास कथा, रुक्मिणी मंगल पर झूमा पंडाल, भजनों पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**महू।** कोदरिया में चल रही पुरुषोत्तम मास श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़गोंदा वाले कथावाचक पं. विपुल कृष्ण जी महाराज ने रास पंचाध्यायी का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि जीव और ईश्वर का मिलन ही वास्तविक रास है। आत्मा का परमात्मा में एकाकार हो जाना ही रास लीला का मूल है।



**84 लाख योनियों में मनुष्य तन दुर्लभ-** महाराज जी ने कहा कि 84 लाख योनियों में मनुष्य योनि ही ऐसी है जिसमें हम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। भगवत प्राप्ति के साधन- कथा श्रवण, सत्संग, पूजन आदि इसी योनि में संभव हैं। इसलिए इस तन को व्यर्थ न गंवाकर हरि भजन में लगाना चाहिए।

**उद्धव-गोपी प्रसंग: ज्ञान पर प्रेम की विजय-** उद्धव प्रसंग सुनाते हुए पं. विपुल महाराज ने बताया कि उद्धव ज्ञान के अवतार हैं और गोपियां प्रेम की अवतार। वृंदावन में गोपियों की कृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति देखकर उद्धव का ज्ञान का घमंड चूर-चूर हो गया था। महाराज जी ने कहा कि भगवान की प्राप्ति गोपी भाव से, सहज प्रेम से ही संभव है। ज्ञान से नहीं, समर्पण से ईश्वर मिलते हैं।

**कृष्ण-रुक्मिणी मंगल पर झूमा पंडाल-** कथा में कृष्ण-रुक्मिणी मंगल प्रसंग का वर्णन होते ही पूरा पंडाल कृष्णमय हो गया। जैसे ही प्रतीकात्मक रूप से कृष्ण जी की बारात निकली, श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महाराज जी के सुंदर भजनों पर भक्त घंटों झूमते रहे। ₹आज तो आनंद हो गया₹ - पंडाल से यही स्वर गूंज रहे थे।

पुरुषोत्तम मास की इस कथा को सुनने दूर-दूर से श्रद्धालु कोदरिया पहुंच रहे हैं। भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पंडाल में बैठने, पेयजल व प्रसाद की उचित व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को व्यासपीठ का पूजन कैलाश पांडे, विजय नवलखा, विजय भूत, रतन शर्मा, पवन शर्मा आदि ने किया। आयोजन समिति कथा को सफल बनाने में जुटी है।

### शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय इंदौर में तीन विषयों में पीजी पाठ्यक्रम होगा शुरू

#### संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

इंदौर (नप्र)। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय लोकमान्य नगर इंदौर की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर में नये भवन के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर किया जाए। नये सत्र से तीन विषयों (क्रिया शरीर, रचना शरीर और शालाक्य तंत्र) में शुरू होने जा रहे पीजी पाठ्यक्रम की तैयारियां सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित नवीन छात्रावास भवन जी+3 के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू किया जाए। महाविद्यालय एवं छात्रावास में भोजन व्यवस्था हेतु नवीन पीएनजी पाईपलाइन कनेक्शन का कार्य समयसीमा में पूर्ण किया जाए। महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की एनसीआईएमएस से मान्यता हेतु आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं औषधि के निर्माण हेतु कच्ची औषधियां एवं उपकरण क्रय किए जाए। स्नातक विद्यार्थियों के लिए तीन माह के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को शुरू किया जाए।

#### महंगाई के बीच बकरीद की कुर्बानी

# महू की बकरा मंडी में 1 लाख तक के बकरे 30 हजार में भी मनपसंद बकरा नहीं

## गफ्फार होटल के पास लगी मंडी में उमड़ी भीड़, 28 मई को मनाई जाएगी ईद-उल-अजहा

**महू।** देशभर में जहां महंगाई की मार से आम आदमी का बजट डगमगा रहा है, वहीं बकरीद के पर्व ने कुबार्नी की तैयारियों को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इस वर्ष ईद-उल-अजहा 28 मई को मनाई जाएगी। पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में उत्साह तो है, पर बकरों की आसमान छूती कीमतों ने माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।



शुक्रवार को गफ्फार होटल के पास लगने वाली पारंपरिक बकरा मंडी में शहर सहित ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों लोग उमड़ पड़े। मंडी में 15 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक के बकरे खरीदने-बेचने वाले व्यापारी मौजूद रहे। शुक्रवार को ही सैकड़ों बकरों की खरीदी-बिक्री हुई। खरीदारों का दर्द साफ झलक रहा था। उनका कहना है कि पिछले वर्ष 10 हजार से 50 हजार रुपए तक में अच्छे-खासे बकरे आसानी से मिल जाते थे। लेकिन इस बार हालात जुदा हैं। 30 हजार रुपए खर्च करने के बाद भी मनपसंद, तंदुरुस्त बकरा मिलना मुश्किल हो रहा है। चारे की लागत, परिवहन खर्च और मंडी की मांग ने दाम दोगुने कर दिए हैं।

महंगाई के इस दौर में कई परिवारों के सामने कुबार्नी के लिए बकरा खरीदना बड़ी चुनौती बन गया है। ईद में अभी करीब एक सप्ताह का समय बाकी है, पर बाजार में लगातार चढ़ती कीमतों ने लोगों की पेशानी पर बल ला दिए हैं। कई लोग सामूहिक कुबार्नी का विकल्प भी तलाश रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान में 18 मई को चांद नजर आने के बाद वहां 27 मई को बकरीद मनाई जाएगी। भारत में चांद एक दिन देरी से दिखने की परंपरा के चलते 28 मई को ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाएगा।

**Sam Industries Limited**
CIN: L70102MP1994PLC041416
Regd Off.- Village Dakachiya, A.B. Road, Tehsil: Sanwer District- Indore- 453771 (M.P.) India
Phone: 0091-731-4229717,
Website : www.samindustriesltd.com, Email : secretarial@samindustriesltd.com

Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2026
(Rs. in Lakh except per share data)

| Sl. no. | Particulars | For the Quarter Ended On [illegible] Audited | For the Quarter Ended On [illegible] Audited | F.Y. Year Ended [illegible] Audited | F.Y. Year Ended [illegible] Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from Operations | 256.92 | 648.38 | 1299.89 | 1365.30 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period before tax, Exceptional and or Extraordinary Items | 17.00 | 78.40 | 567.34 | 310.48 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or Extraordinary Items | 17.00 | 78.40 | 567.34 | 310.48 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional & Extraordinary Items | 63.91 | 22.40 | 487.61 | 313.65 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period | 67.70 | 22.82 | 492.18 | 314.07 |
| 6. | Equity Share Capital | 1108.85 | 1108.85 | 1108.85 | 1108.85 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Balance Sheet) | | - | 6466.59 | 5974.42 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing operations) | | | | |
| | Basic: | 0.58 | 0.20 | 4.40 | 2.83 |
| | Diluted | 0.58 | 0.20 | 4.40 | 2.83 |

Notes : [illegible]

Place : Indore
Date: 22.05.2026

For Sam Industries Limited
Rajendra Kumar Pasari
Whole Time Director
DIN: 01509156